Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding prevalence of alleged irregularities in PMAY-laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य देश के सभी गरीब लोगों को रहने के लिए पक्का मकान उपलब्ध कराना है । इसमें कोई संदेह नहीं कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति के साथ बिना किसी भेद-भाव के इस योजना के तहत देश के गरीब लोगों के जीवन शैली में बेहतर सुधर के लिए प्रयत्नशील है । परन्तु, कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर इस योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी की जा रही है । उदाहरण स्वरूप मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिले के चिरैया प्रखंड सहित जिले के कई अन्य प्रखंडों में प्रधानमंत्री आवास योजना में व्यापक गड़बड़ी करते हुए सुखी-सम्पन्न परिवार को लाभ दिया गया है । जबकि, कमजोर वर्ग के वैसे लोग जो इस योजना के वास्तविक हक़दार है उनका नाम सूचि में शामिल नहीं कर, इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित किया गया है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त विषय की जाँच कराते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये । साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में व्याप्त भ्रष्टाचार को देखते हुये इसके निवारण हेतु ठोस कदम उठायी जाये जिससे कि सरकार द्वारा गरीबों को दिये जाने वाले इस कल्याणकारी योजना का शत-प्रतिशत लाभ मिल सके ।